राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

# विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने राज्यपाल श्री बागडे से की मुलाकात

जयपुर, 28 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री बागडे से बाद में उन्होंने राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद भी किया।

———





## राज्यपाल से पुलिस महानिदेशक श्री गुप्ता की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 28 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री गोविंद गुप्ता ने मुलाकात की।

महानिदेशक का पदभार ग्रहण करने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।

-----





# राज्यपाल से पुलिस आयुक्त श्री मित्तल की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 28 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में जयपुर के पुलिस आयुक्त श्री सचिन मित्तल ने मुलाकात की।

पुलिस आयुक्त (जयपुर) का पदभार ग्रहण करने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।-----





## जयपुर के मनोहरपुर में हुए बस हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 28 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जयपुर के मनोहरपुर में हुए बस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

-----